Government of Rajasthan
STATE PROJECT DIRECTORATE
RashtriyaUchchatar Shiksha Abhiyan (RUSA) &
State Level Quality Assurance Cell (SLQAC),
Commissionerate of College Education, Rajasthan
email:spdrusaraj@gmail.com, spdrusarajnaac@gmail.com

अतिआवश्यक

F30(98)SPD/RUSA/RUSA 01 Common File/2024/ दिनांकः—

प्राचार्य
रूसा 1.0 एवं 2.0 लाभार्थी राजकीय महाविद्यालय
राजस्थान।

विषयः— रूसा अनुदान से कराये गये नवनिर्माण/जीर्णोद्धार से संबंधित व्यय के संबंध में।

संदर्भः— इस कार्यालय के पत्रांक 366 दिनांक 17.09.2020 के क्रम में।

राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान योजना के तहत स्वीकृत अनुदान की राशि आपके महाविद्यालय को प्राप्त हो चुकी हैं। इनसे संबंधित प्रोविजनल उपयोगिता प्रमाण पत्र आपके महाविद्यालय द्वारा प्रेषित किया जा चुका है। प्रदत्त अनुदान के संबंध में निम्न बिंदुओं की अनुपालना सुनिश्चित करें—

1. प्रदत्त अनुदान से आपके महाविद्यालय मे राजकीय निर्माण एजेन्सी (यथा PWD/RSRDC/RSAMB/अन्य) द्वारा कराये गये नवनिर्माण/जीर्णोद्धार के संबंध में अद्यतन स्थिति से अवगत कराते हुए निर्माण एजेन्सी के पास बकाया राशि, अंतिम उपयोगिता प्रमाण पत्र, गुणवत्ता से संबंधित प्रपत्र एवं महाविद्यालय द्वारा की गई कार्यवाही का विवरण दिनांक 10.10.2024 तक राज्य परियोजना निदेशालय (रूसा) को ई—मेल spdrusaraj@gmail.com पर भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।
2. रूसा से संबंधित सभी पत्रावलियों एवं रिपोर्ट का उचित संधारण किया जाना सुनिश्चित करें। प्राचार्य या संबंधित अधिकारी के स्थानान्तरण होने पर नवीन प्रभारी अधिकारी को रिकॉर्ड संभलवाया जाना सुनिश्चित करें।
3. अनुमोदित DCF के अनुसार यदि वास्तविक करवाए गए कार्य में परिवर्तन किया गया है तो वास्तविक गतिविधियों के आधार पर नवीन DCF यथोचित कारण बताते हुए, स्वीकृति हेतु OLD DCF एवं मांग पत्र BoG के मीटिंग मिनिट्स के साथ राज्य परियोजना निदेशालय (रूसा) को दिनांक 10.10.2024 तक भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।
4. कार्यकारी एजेन्सी से उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त होने के पश्चात् रूसा अनुदान के संपूर्ण उपयोग का ऑडिटेड उपयोगिता प्रमाण पत्र भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।
5. जिन महाविद्यालयों ने रूसा अनुदान का पूर्ण उपयोग कर लिया है, वे Project Completion Certificate (PCC) भिजवाया (जिन महाविद्यालयों ने आदिनांक PCC राज्य परियोजना निदेशालय (रूसा) को प्रेषित नहीं की है।) जाना सनिश्चित करें।

(डॉ. ओम प्रकाश बैरवा)
आई. ए. एस.
राज्य परियोजना निदेशक, रूसा एवं
आयुक्त कॉलेज शिक्षा

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है—

1. निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान जयपुर।
2. वित्तीय सलाहकार, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर।
3. संयोजक BoG एवं DCF, संबंधित महाविद्यालय।
4. लेखाधिकारी, राज्य परियोजना निदेशालय (रूसा)।
5. रक्षित पत्रावली।

आयुक्त कॉलेज शिक्षा

RajKaj Ref
10855200

Signature valid
Digitally signed by Om Prakash Bairwa
Designation : Commissioner
Date: 2024.09.30 20:58:46 IST
Reason: Approved